बिहार सरकार
उद्योग विभाग
(उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना)

हस्तशिल्प में प्रशिक्षण देने का सुनहरा अवसर

बिहार सरकार, उद्योग विभाग के नियंत्रणाधीन उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना–800013 में छमाही (जुलाई–दिसम्बर, 2026) सत्र के लिए 18 क्राफ्ट (मधुबनी पेंटिंग, टिकुली पेंटिंग, मंजूषा पेंटिंग, सुजनी शिल्प, टेराकोटा (मृणमय), एप्लिक / कशीदा, काष्ठ तक्षण / काष्ठ खिलौना, पाषाण (स्टोन) शिल्प, रंगाई–छपाई (ब्लॉक प्रिंटिंग), पेपरमैशी शिल्प, सिक्की कला, मेटल क्राफ्ट, वेणु शिल्प, सेरामिक शिल्प, सुत बुनाई, चर्म शिल्प, गुड़िया शिल्प, एवं जूट क्राफ्ट) में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अनुभवी प्रशिक्षकों से ऑनलाइन आवदेन आमंत्रित हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना के वेबसाइट www.umsas.org.in पर विजिट करें। आवेदन भरने की तिथि 27.05.2026 से 25.06.2026 अपराहन 11:59 बजे तक है।

नोट :– प्रशिक्षकों का चयन निम्नांकित शर्तों पर किया जायेगा।

1. प्रशिक्षक के पास सरकारी योजनाओ मे प्रशिक्षण प्रदान करने का अनुभव प्रमाण पत्र / कार्यदेश का होना अनिवार्य हैं।
2. प्रशिक्षक की आयु सीमा 30 से 60 वर्ष के बीच होना चाहिये। आयु का निर्धारण दिनांक 01.07.2026 से किया जायेगा।
3. प्रशिक्षक के पास संबंधित क्राफ्ट/विषय से राज्य या राष्ट्रीय पुरस्कार अथवा आर्ट्स एंड क्राफ्ट कॉलेज से डिग्री तथा संबंधित क्राफ्ट में 3 – 5 वर्ष का कार्यानुभव होना आवश्यक है।
4. **चयन प्रक्रिया :–** प्राप्त आवदेनों के साथ संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन में सही पाए गए अभ्यार्थियों को व्यवहारिक परीक्षा (Practical Test) एवं साक्षात्कार (Interview) हेतु बुलाया जाएगा। परीक्षा एवं साक्षात्कार में सफल प्रशिक्षकों का ही अंतिम चयन किया जाएगा।
5. **मानदेय दर (प्रति माह) :–** राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षक को रू0 50,000/–, राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षक को रू0 30,000/–, MFA/BFA डिग्री धारक प्रशिक्षक को रू0 25,000/–, अन्य एवं सहायक प्रशिक्षक को रू0 20,000/–मात्र प्रति माह मानदेय निर्धारित है।
6. किसी भी शाखा में 05 से कम प्रशिक्षणार्थी की संख्या रहने पर उस शाखा का संचालन निदेशक, संस्थान के आदेशानुसार किया जायेगा। यदि किसी शाखा का संचालन नहीं हो रहा है, तो चयन होने के बाद भी आपका लाभार्थित्व तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा।
7. चयनित प्रशिक्षक को प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक प्रशिक्षण देना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण सत्र जुलाई, 2026 से प्रारम्भ होगा। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में विजिट करें।

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,पटना।